
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कांग्रेस आज से निकालेगी सरकार की अर्थी यात्रा

■सरकार नहीं चेतती है तो एक जनवरी से वह आमरण अनशन शुरू



पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथाणी।

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्र व राज्य भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस 17 दिसम्बर से प्रदेश में एक अर्थी यात्रा निकालने जा रही है जो देवप्रयाग के मुख्यालय हिण्डोलाखाल से शुरू होकर विधानसभा भवन रिस्पना में दाह संस्कार के साथ समाप्त होगी।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अगर इसके बाद भी सरकार नहीं चेतती है तो एक जनवरी 2020 से वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। मंत्री प्रसाद नैथानी का कहना है कि सूबे की सरकार द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये विकास कार्यो को बंद करा दिया गया है। उनका कहना है कि देवप्रयाग के श्रीकोट माल्डा के लिए स्वीकृत एनसीसी अकादमी को बिना कारण पौड़ी में स्थानान्तिरत किया जा रहा है। उन्होंने श्राइन बोर्ड के जरिए तीर्थ पुरोहितों का काम छीनने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पंडा और पुजारी नाराज है। उन्होने टीएचडी को बेचे जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके साथ राज्य का हित और हमारी पहचान जुड़ी हुई है और हम ऐसा किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। सरकार का ध्यान विकास कार्यो पर नहीं है, राज्य की सड़कें बदहाल है। लोग बिजली पानी को तरस रहे है। आशाओं का शोषण हो रहा है और सरकार राजनीति में मशगूल है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावियों का होगा सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के कार्यक्रम को लेकर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष डा. आरके जैन ने सोमवार को पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को सर्वे ऑडिटोरियम ओएनजीसी में आयोजित कार्यक्रम में समुदाय के चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सभी थानों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं, चार थानों (मंगलौर, सहसपुर, हल्द्वानी और रुद्रपुर) से सीधे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनता की शिकायत सुनी जाएगी। एचआरडी मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और अल्पसंख्यक मंत्री यशपाल आर्य मौजूद रहेंगे। समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरा उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब और सरदार इकबाल सिंह, सदस्य सीमा जावेद, गुलाम मुस्तफा, असगर अली, आयोग के सचिव जेएस रावत, मदरसा बोर्ड के डिप्टी रजिस्ट्रार हाजी अखलाक अहमद अंसारी, निजी सचिव नवीन परमार आदि मौजूद रहे।

# पर्वतीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हुआ 800 करोड़ का निवेश

**प्रयास**

स्वस्थ औद्योगिक वातावरण के सृजन हेतु सीएम ने बतायी समेकित प्रयासों की जरूरत




**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश में स्वस्थ औद्योगिक वातावरण के सृजन हेतु समेकित प्रयासों के साथ ही ईमानदारी, पारदर्शिता एवं परस्पर विश्वास की भावना से कार्य करने पर बल दिया है। उन्होंने उद्यमियों से पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना पर भी ध्यान देने को कहा है, पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण के साथ ही सौर उर्जा के क्षेत्र में काफी संभावनाये हैं। सौर उर्जा के क्षेत्र में लगभग 800 करोड़ का निवेश इन क्षेत्रों में हुआ है। जबकि टाटा ग्रुप द्वारा भी प्रदेश में सौर ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जतायी है।

सोमवार को राजपुर रोड स्थित स्थानीय होटल में श्रम विभाग एवं इंडस्ट्रीज ऑफ उत्तराखण्ड (आई.ए.यू.) के संयुक्त तत्वाधान में श्रम कानूनों एवं अग्नि सुरक्षा प्राविधानों में सुधार से सम्बन्धित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनाये जाने के साथ ही श्रमिकों की समस्याओं का भी तत्परता से समाधान हो इसके भी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों को सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं तथा उनके व्यापक हित में लिये गये सुधारात्मक प्रयासों की जानकारी उन्हें उपलब्ध कराने के लिए ऐसे आयोजनों को सराहनीय प्रयास बताया।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से पर्वतीय क्षेत्रों में सौर उर्जा, पर्यटन व खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योगों की स्थापना पर ध्यान देने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जिन खेतों का उपयोग नहीं हो रहा है वहां पर 5 मेगावाट तक के सौलर प्लांट स्थानीय लोगों के लिये आवंटित किये जा रहे हैं। ये योजनायें स्थानीय लोगों की आपसी सहमति से ज्वाइंट वेंचर में भी स्थापित की जा सकती है। इन क्षेत्रों में फिल्मांकन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। ग्रामीण आर्थिकी की मजबूती के लिये प्रदेश की न्याय पंचायत स्तर पर ग्रोथ सेंटरों की स्थापना की जा रही है। प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम एवं उद्योग श्रीमती मनीषा पंवार, ने कहा कि सिंगल विंडो के माध्यम से प्रदेश में श्रम कानूनों के लिये ऑनलाइन व्यवस्था का प्रावधान किया गया है एवं उद्योग विभाग लगातार प्रयासरत है।

सचिव श्रम हरबंस सिंह चुघ ने नेशलन पेंशन स्कीम एवं श्रमिकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि श्रम कानूनों के सरलीकरण से इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। श्रम आयुक्त डा. आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कि श्रम विभाग की वेबसाइट पर श्रम कानूनों के अन्तर्गत उद्यमियों के लिये ऑनलाइन व्यवस्था कर दी गयी है, इसके अन्तर्गत फैक्टरी एक्ट, बॉयलर्स एक्ट, कान्ट्रेक्ट लेवर रेगुलेशन एक्ट, उत्तराखण्ड दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम, मोटर ट्रान्सपोर्ट वर्कर एक्ट एवं इन्टरस्टेट माइग्रेट वर्कर एक्ट, पंजीकरण, नवीनीकरण एवं वार्षिक विवरणी तथा निरीक्षण, रिपोर्ट आदि सभी प्रावधानों के लिये अब वेबसाइट के माध्यम से यह सारी सुविधायें उपलब्ध होगी।

## न्यूज डायरी

### श्रम अधिकारों को लेकर श्रमिकों ने केंद्र के खिलाफ निकाली रैली

**संवाददाता** देहरादून। नए श्रमिक कानून लाने और मौजूदा कानून में हो रहे लगातार बदलाव के खिलाफ सोमवार को सैकड़ों श्रमिकों ने परेड ग्राउंड धरना स्थल से सचिवालय कूच किया। जन हस्तक्षेप के बैनर तले दोपहर 12.30 बजे रैली की शक्ल में निकले श्रमिकों को पुलिस ने कनक चौक पर रोक दिया। इसके बाद श्रमिकों ने यहीं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। बाद में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद दोपहर 1.10 बजे श्रमिक कनक चौक से उठ गए। इससे पहले बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े श्रमिकों ने परेड ग्राउंड धरना स्थल पर जमा होकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां श्रमिकों को संबोधित करते हुए चेतना आंदोलन के सह संयोजक शंकर गोपाल ने कहा कि राज्य में गरीब और मजदूर लोगों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है।

### 21 दिसंबर से होगी सचिवालय क्लब की एथलेटिक्स मीट

**संवाददाता** देहरादून। तृतीय सचिवालय वार्षिक एथलेटिक्स मीट 21 दिसंबर को आयोजित होगी। सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के संयुक्त सचिव राजेंद्र प्रसाद जोशी ने बताया कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स मीट का आयोजन होना है। इसमें अंडर–40, 40 से 50 वर्ष, 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग में पुरुष व महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसमें 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर दौड़, 3000 मीटर पैदल चाल, चक्का फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसमें करीब 300 खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की उम्मीद है।

### मेयर की गोद ली बच्ची निहारिका का कुपोषण काफी हद तक हुआ दूर

**(संवाददाता)** देहरादून। डालनवाला चंदर रोड स्थित सूरज बस्ती निवासी दो साल की कुपोषित बच्ची निहारिका शाह मेयर सुनील उनियाल गामा की बदलोत पोषित की कैटेगरी में आ गयी हैं। सोमवार को गामा बच्ची के घर गए और उनके माता पिता से मिले। उन्होंने बच्ची के माता पिता को बच्ची का कुपोषण काफी हद तक दूर होने की बात बतायी और कहा कि बच्ची का वजन बढ़ गया है। प्रदेश सरकार ने 2022 तक उत्तराखंड को कुपोषण से मुक्त कर सभी बच्चों को पोषण की परिधि में लाने का लक्ष्य रखा हुआ है। जिससे चलते कुपोषित बच्चे चिहिन्त कर उनके स्वास्थ्य की देखभाल कर उन्हें पोषित करने पर काम चल रहा है।

## सीएम ने सचिवालय के चतुर्थ तल स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया



सचिवालय के चतुर्थ तल स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करते सीएम।

**संवाददाता** सीएम ने सचिवालय के चतुर्थ तल स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया देहरादून, आजखबर। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को सचिवालय के चतुर्थ तल स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाय। इस अवसर पर उन्होंने पत्रावलियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय–समय पर सचिवालय के अन्य अनुभागों का निरीक्षण भी किया जायेगा।

## विधायक जोशी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

देहरादून। भारत–पाक युद्व 1971 की याद में मनाये जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्व स्मारक में अमर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। उन्हों‍न कहा कि आज ही के दिन 1971 के भारत पाक युद्व के दौरान 567 वीर सपूतों ने अपनी जान निछावर की, जिसमें से लगभग आधे वीर जवान उत्तराखण्ड की वीरभूमि से थे। इस युद्व में शहीद हुऐ 265 उत्तराखण्डी वीरों में से 55 को वीरता पुरस्कार से नवाजा गया। वह समाज हमेशा तरक्की करता है जो अपने शहीदों की यादों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोता है।



विजय दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्व स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते मसूरी विधायक गणेश जोशी।